रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

www.vananchaleye@gmail.com

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:43 | बुधवार,15 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### झारखंड में लैंप्स और पैक्स को मिलेगा ब्याज



संवादाता

रांचीः रांची : नेपाल हाउस में सहकारिता एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में पूंजी की कमी से जूझ रहे लैंप्स पैक्स को ब्याज मुक्त लोन प्रदान करने की योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य लैंप्स पैक्स को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। विभाग लोन के ब्याज का बोझ अपने कंधों पर उठाएगा।

### शराब घोटाला में गुजरात से तीन आरोपी गिरफ्तार

संवादाता



रांचीःझारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुजरात से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा है, जहां उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। एसीबी सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े महेश शेडगे, अभेसिंह और विक्रम सिंह ठाकोर शामिल हैं। इनके खिलाफ जून महीने में एसीबी ने कोर्ट से गिरफ्तारी वारंटहासिल किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के छापों पर उठाए सवाल

एजेंसी

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु में शराब दुकान के लाइसेंस से जुड़े तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएएसएमएसी) घोटाला केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर सवाल उठाए। कोर्ट ने ईडीसे सवाल किया कि क्या आप राज्य पुलिस की शक्तियों में दखल नहीं दे रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने पूछा कि क्या राज्य पुलिस इस घोटाले की जांच नहीं कर सकती है, क्या ईडीका दखल जरूरी है? इससे संघीय ढांचे पर क्या असर होगा

# झारखंड में नगर निकायों के चुनाव न कराए जाने पर हाईकोर्ट सख्त, दिया निर्देश

संवादाता

रांचीवःझारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में नगर निगम और नगर निकायों के चुनाव नहीं कराए जाने पर एक बार फिर कड़ी नाराजगी जताई है। इस संबंध में दायर अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन हफ्ते के अंदर राज्य निर्वाचन आयोग को चुनावकराने की अनुशंसा भेजे। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी। जस्टिस आनंदा सेन की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह सचिव वंदना डाडेल, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार उपस्थित हुए। महाधिवक्ता



- महाधिवक्ता का पक्ष : ओबीसी आरक्षण के ट्रिपल टेस्ट सर्वे पूरे,रिपोर्ट कैबिनेट को जाएगी, उसके बाद चुनाव अनुशंसा भेजी जाएगी।
- अदालत की टिप्पणी : ट्रिपल टेस्ट के नाम पर चुनाव टालना उचित नहीं, तीन हफ्ते में अनुशंसा भेजे सरकार।
- निर्वाचन आयोग का अनुरोध : तीन महीने का समय मांगा,अदालत ने अस्वीकार किया, कहा– अगली सुनवाई में बताएं कब करा सकते हैं चुनाव।
- अगली सुनवाई : 10 नवंबर को होगी, मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास सचिव को फिर सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश।

राजीव रंजन ने सरकार का पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि नगर निगमों और नगर निकायों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण प्रतिशत तय न होने की वजह से चुनाव टल रहे थे। आरक्षण तय करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही कैबिनेट को भेजी जाएगी। कैबिनेट से अनुमोदन के बाद राज्य सरकार चुनाव की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगी। इसपर अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण की ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया के नाम पर चुनाव लंबे समय तक नहीं टाल सकती।

## नगर निकायों में ओबीसी को 14 प्रतिशत तक मिलेगा आरक्षण, चुनाव का रास्ता साफ

संवादाता

रांची : झारखंड में नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए नगर निकायों में सीटों के आरक्षण का नया ढांचा लागू करने का निर्णय किया है। अब राज्य में स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति-जनजाति के प्रतिनिधित्व को मजबूत किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, अब नगर निकायों की 36

### कैबिनेट ने ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को दी मंजूरी

प्रतिशत सीटें एससी और एसटी के लिए आरक्षित होंगी। इसके अलावा, 14 प्रतिशत सीटें ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं। यानी, अब कुल 50 प्रतिशत तक सीटों पर आरक्षण लागू रहेगा। पहले ओबीसी वर्ग को नगर निकायों में विशेष प्रतिनिधित्व नहीं मिलता था। राज्य कैबिनेट के निर्णय के बाद अब नगर निकायों में आरक्षित सीटों की अधिसूचना जल्द ही राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी। इससे संबंधित सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार और नागरिक आरक्षित सीटों के विवरण के आधार पर अपनी रणनीति तयकर सकेंगे। निर्वाचन आयोग का अनुरोध : तीन महीने का समय मांगा, अदालत ने अस्वीकार किया, कहा–अगली सुनवाई में बताएं कब करा सकते हैं चुनाव।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हेमंत कैबिनेट का निर्णय

# सारंडा जंगल का 314 वर्ग किमी क्षेत्र बना अभयारण्य

संवादाता

रांचीःरांची : सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार राज्य सरकार ने आखिरकार सारंडा जंगल के 314 वर्ग किलोमीटर को अभयारण्यघोषित करने का निर्णय लिया है। मंगलवार शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। 8 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को एक सप्ताह में इस संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इस मुद्दे पर 15 अक्टूबर यानी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर से सुनवाई होनी है, जहां राज्य सरकार की ओर से अदालत के निर्देश के अनुपालन का एफिडेविट दाखिल किया जाना है। कैबिनेट ने सारंडा में अभयारण्य बनाए जाने के जिस प्रस्ताव को मंजूरी दी है, उसकी एक किलोमीटर परिधि को इको संसेटिव



> सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सारंडा का 314 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अभयारण्य घोषित किया जाएगा। इस जंगल में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों के जीवन पर इससे कोई असर नहीं पड़ेगा। वे पहले की तरह सामान्य रूप से यहां जीवन बसर कर सकेंगे। -हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

जोन घोषित किया जाएगा। सारंडा जंगल का कुल क्षेत्रफल 850 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 314 वर्ग किलोमीटर यानी 36 प्रतिशत इलाका अभयारण्य के रूप में अधिसूचित जाएगा। जिनइलाकों को अभयारण्य के रूप में चिन्हित किया जाएगा, वहां किसी तरह का खनन कार्य नहीं हो सकेगा। अभयारण्य के बाहर के वन क्षेत्रों में वैध रूप से आवंटित पट्टाधारक खनिजों का उत्खनन कर सकेंगे। यहां सबसे ज्यादा इलाके में सेल की आयरन ओर की खदानें हैं, जो वर्षों से संचालित हो रही हैं। ये खदानें पूर्ववत चलती रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले 57,519.41 हेक्टेयर क्षेत्र को 8 अक्टूबर 2025 तक अभयारण्य घोषित करने का आदेश दिया था। सरकार ने दलील दी कि इतने बड़े क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने से कई खनन क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राज्य सरकार ने यह भी कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वर्षों से जो खनन कार्य कानूनी रूप से चल रहे हैं, उन्हें बंद करने से देश-राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर गंभीर असर पड़ेगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 31,468.25 हेक्टेयर यानी 314 वर्ग किमी को अभयारण्य घोषित करने की अनुमति दे दी।झारखंड के नगर निकाय क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में इस बार आरक्षण का दायरा बदला हुआ रहेगा. पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा सौंपे गए ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट पर आरक्षण की हुई अनुशंसा को हेमंत सरकार ने मानते हुए मंगलवार को कैबिनेट की मंजूरी प्रदान कर दी है.इसके तहत अलग-अलग निकाय क्षेत्रों में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है.

### झारखंड में एसआईआर की तैयारी में जुटा चुनाव आयोग

# 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे हैं, तो देना होगा दस्तावेज

संवादाता

रांची : राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने सभी जिलों के ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों केसाथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में ऑनलाइन जुड़े सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 2003 से वर्तमान तक की मतदाता सूची की मैपिंग त्रुटि रहित और सटीक हो। सीईओ ने बताया कि एसआईआर के दौरान ऐसे मतदाता, जिनका नाम 2003 की वोटर लिस्ट में है, उन्हें बीएलओ द्वारा इन्यूमरेशन फॉर्म के साथ पुराना मतदाता विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, जो मतदाता 2003 में अन्य राज्य की सूची में शामिल थे, वे संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से अपने विवरण डाउनलोड कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन मतदाताओं का नाम 2003 की सूची में नहीं है, लेकिन उनके माता-पिता का नाम सूची में है, उनके लिए बीएलओ माता-पिता का विवरण फॉर्म के साथ उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा, जन्म तिथि और जन्म स्थान प्रमाणित करने हेतुआवश्यक अतिरिक्त दस्तावेजों के बारे में मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

### मतदाता इन बातों का रखें ध्यान

- 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे मतदाता : केवल अपना एक वैध दस्तावेज देना होगा; 2003 सूची में नाम होने पर बीएलओ विवरण उपलब्ध कराएंगे।
- 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे मतदाता : अपना और माता–पिता में से किसी एक का वैध दस्तावेज जमा करना होगा; 2003 सूची में नाम होने पर विवरण बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
- 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे मतदाता : अपना और माता पिता का वैध दस्तावेज देना होगा, 2003 सूची में माता–पिता का नाम होने पर बीएलओ विवरण फॉर्म के साथ उपलब्ध कराएंगे।

# 1.5 करोड़ के इनामी सोनू सहित 60 नक्सलियों का सरेंडर

एजेंसी

गढ़चिरौली/रायपुर : माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। संगठन के केंद्रीय कमेटी मेंबर (सीसीएम) भूपति उर्फ सोनू दादा ने सोमवार को अपने 60 साथियोंके साथ महाराष्ट्र के गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भूपति पर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में से 50 नक्सलियों ने हथियार समेत सरेंडर किया है। इनमें तीन डीकेएसजेडसी (डींडकारी जोनल कमेटी) सदस्य और 10 डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर) भी शामिल हैं। वह पिछले दो दशकों से माओवादी आंदोलन का रणनीतिक चेहरा माना जाता था और छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र की पुलिस उसके पीछे थी। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह आत्मसमर्पण केंद्र सरकार की 'मिशन 2026' नीति की बड़ी सफलता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में 2026 तक नक्सलवाद के पूरी तरह खात्मे का लक्ष्य तय किया था। पिछले कुछ वर्षों में सरकार के लगातार दबाव के चलते किशनजी एनकाउंटर में मारा गया, उसकी पत्नी सुजाता और अब भाई सोनू दादा ने आत्मसमर्पण कर दिया।

इससे पहले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 71 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जिनमें 21 महिलाएं और 50 पुरुष शामिल थे।67 वर्षीय सोनू दादा का असली नाम मल्लोजूला वेणुगोपाल राव है। वह माओवादी संगठन के शीर्ष नेता किशनजी का छोटा भाई है। किशनजी की पत्नी सुजाता ने तेलंगाना में आत्मसमर्पण किया था,

### कौन है भूपति उर्फ वेणुगोपाल उर्फ सोनू दादा



67 वर्षीय सोनू दादा का असली नाम मल्लोजूला वेणुगोपाल राव है। वह माओवादी संगठन के शीर्ष नेता किशनजी का छोटा भाई है। किशनजी की पत्नी सुजाता ने तेलंगाना में आत्मसमर्पण किया था, जबकि सोनू दादा की पत्नी तारक्का ने पहले ही गढ़चिरौली में सरेंडर कर दिया था। पत्नी के बार-बार समझाने के बाद सोनू ने भी हथियार डालने का निर्णय लिया।सोनू दादा संगठन के भीतर कई अहम पदों पर रह चुका है।

## तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटाड़ जंगल स्थित वाटर प्लांट के पास हुई मुठभेड़

### धनबाद में एनकाउंटर के दौरान भगोड़ा प्रिंस खान का गुर्गा भानु मांझी घायल, हथियार जब्त

मंगलवार को धनबाद में तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटाड़ जंगल स्थित वाटर प्लांट के पास पुलिस और अपराधियों के बीच व्हेन काउंटर में भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान का गुर्दा और जमशेदपुर का कुख्यात अपराधी भानु मांझी घायल हो गया।

पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर इलाजके लिए धनबाद के अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी और बाघमारा एसडीपीओ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस को शक है कि



भानु मांझी और उसके साथी प्रिंस खान गैंग से जुड़े हैं। एसीबी ने शराब घोटाला केस में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की थी। एजेंसी ने उक्त सात आरोपियों के विरुद्ध पिछले महीने ही कोर्ट से वारंट लिया था। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची आ रही है, जहां उन्हें एसीबी की विशेष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस केस में एसीबी ने अब तक राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे, छत्तीसगढ़ के बड़े कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया, झारखंड के आईएएस अधिकारी अमित प्रकाश और प्रिज्म होलोग्राफी के डायरेक्टर विधु गुप्ता।

## बिहार

### 10 विधायकों के टिकट काटे, 71 उम्मीदवारों में 9 महिलाएं

# भाजपा की पहली सूची में 46 फीसदी सवर्ण

एजेंसी

पटनाः2025 बिहार विधानसभा चुनाव में 71 सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अपने 10 सीटिंग विधायकों के टिकट काट दिए हैं, जबकि 46 विधायकों को मैदान में उतारा गया है। जिन विधायकों के टिकट काटे गए हैं, उनमें विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी शामिल हैं। नंदकिशोर 5 बार से पटना साहिब सीट से जीतते आ रहे हैं। उनकी जगह पर बीजेपी नेता और हाईकोर्ट के वकील रत्नेश कुशवाहा को उतारा है। कुम्हरार से 5 बार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा का भी टिकट कटा है। इनकी जगह संजय गुप्ता को मौका मिला है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को तारापुर से और विजय सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है। मंत्री नितिन नवीन को बांकीपुर और रेणु देवी को बेतिया से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मंत्री



रामकृपाल यादव को दानापुर से टिकट दिया गया है। इसी तरह से मंत्री मंगल पांडेय को सिवान, कुंदन कुमार को बेगूसराय, डॉ. सुनील कुमार को बिहारशरीफ से मैदान में उतारा गया है। पार्टी ने इस बार टिकट बंटवारे में सोशल इंजनियरिंग का पूरी तरह से ध्यान रखा है। उम्मीदवारों में 46 फीसदी सवर्णहैं। राजपूत जाति के 14, भूमिहार जाति के 11, ब्राह्मण जाति के 07 के अलावा 1 उम्मीदवार कायस्थ है। इस बार भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 71 के नाम सामने आ गए हैं। अब 30 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान बाकी है। पार्टी ने 71 उम्मीदवारों में से 11 अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 19 ओबीसी से हैं। इस तरह से कुल 30 ओबीसी प्रत्याशी मौदान में उतारे गए हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के 6 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। 9 महिलाओं को टिकट दिया है। इसमें रेणु देवी, गायत्री देवी, देवंती यादव, स्वीटी सिंह, निशा सिंह, कविता देवी, रमा निषाद, अरुणा देवी और श्रेयसी सिंह हैं। श्रेयसी को बीजेपी ने जमुई से उम्मीदवार बनाया है

## केरल में छिपा था झारखंड में तीन पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोपी, एनआईए ने दबोचा

संवादाता

रांचीःमें तीन पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में वांछित माओवादी नेता सहन टुडी दिनाबू को केरल के इडुक्की जिले के मुन्नार से गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कोच्चि और रांची इकाइयों ने सोमवार देर रात केरल पुलिस के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाकर दिनाबू को गिरफ्तार किया। वह मुन्नार के गुदरविल्ला एस्टेट में अपनी पत्नी के साथ मजदूर बनकर रह रहा था। सूत्रों के अनुसार, एनआईए पिछले कई हफ्तों से दिनाबू की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। पुख्ता खुफिया सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने एस्टेट को चारों ओर से घेर लिया और बिना किसी प्रतिरोध के उसे हिरासत में ले लिया। जांचकताओं के मुताबिक, दिनाबू करीब डेढ़ साल से मुन्नार की चाय एस्टेट में काम कर रहा था और झारखंड से फरार होने के बाद वह लगातार पहचान छिपाकर रह रहा था। वह उस माओवादी हमले का मुख्य आरोपी है, जिसमें बम विस्फोट के दौरान तीन पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी। एनआईए जल्द ही उसे झारखंड ले जाएगी, जहां उससे आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई कीजाएगी।

# महागठबंधन में नहीं सुलझ पाया सीट बंटवारे का झगड़ा

एजेंसी

पटना : बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर मंगलवार देर रात तक सहमति नहीं बन पाई है। राष्ट्रीय जनता दल ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल बांटना शुरू कर दिया है। सहमति न बनने की स्थिति में कांग्रेस भी सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की रणनीति पर विचार कर रही है। मंगलवार देर शाम तक चली कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। बुधवार को पार्टी अपनी लिस्ट जारी सकती है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस महागठबंधन के तहत बिहार में कम से कम 60 सीटों पर अड़ी है, वहीं विकासशील इंसान पार्टी और वामपंथी दल भी अपनी मांगों पर डटे हुए हैं। आरजेडी 50-55 सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं। 2020 के चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों



पर चुनाव लड़ा था, लेकिन सिर्फ 19 सीटें जीत सकी थी। खराब स्ट्राइक रेट को देखते हुए लालू यादव इस बार सतर्क हैं। इस बीच, तेजस्वी यादव बुधवार को राघोपुर से नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। सीपीआई माले ने भी अपने 18 कैंडीडेट्स की लिस्ट जारी कर दी है। इसके पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी छह उम्मीदवारों के नामों परमुहर लगा दी है।

# 20वीं झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ आगाज, पुलिस तकनीक और अनुसंधान का दिखेगा जलवा

रांची, संवाददाता।

20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आगाज मंगलवार को हुआ. पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा. जैप वन परिसर रांची में 17 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया.

**14 से 17 अक्टूबर तक आयोजन**

मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल, डीजीपी सहित वरीय पुलिस अधिकारियों ने पुलिस ड्यूटी मीट का भव्य शुभारंभ किया. प्रतियोगिता का आयोजन 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक जैप 1 ग्राउंड में किया जा रहा है. झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान विभिन्न जिलों के पुलिस अफसर तकनीक और अत्यधिक



अनुसंधान के गुर का प्रदर्शन करेंगे. विभिन्न स्पधाओं में झारखंड पुलिस की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं.

**इन प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन**

17 अक्टूबर तक चलने वाले पुलिस ड्यूटी मीट में कई प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है. जिसमें 12 तरह की प्रतियोगिताएं होंगी. जिसमें फॉरेंसिक साइंस (लिखित), क्राइम जांच, कंप्यूटर अवेयरनेस, फोटोग्राफी, लिफ्टिंग पैकिंग, डॉग स्क्वायड एक्सप्लोसिव ट्रैक्टर, फिंगर प्रिंट(प्रैक्टिकल व ओरल) जैसे विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा. झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट 2025 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने शिरकत की. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुझे आज झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट 2025 के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है. यह आयोजन केवल कुशलता, अनुशासन और दक्षता का परिचय नहीं है, बल्कि यह हमारे पुलिसकर्मियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी सहयोग और टीम भावना को भी सशक्त करता है. पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मैं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और यह अपेक्षा करता हूं कि आप सभी अपने कौशल, समर्पण और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे.

**अनुसंधान प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर**

राज्यपाल ने कहा की अनुसंधान प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए.अनुसंधान कार्यों में तकनीकी सहयोग और वैज्ञानिक तरीकों का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए, ताकि अपराधी शीघ्रता से कानून के दायरे में आ सके और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके. यही एक सशक्त और संवेदनशील पुलिस व्यवस्था का प्रमाण है. राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून भारत की न्याय व्यवस्था में ऐतिहासिक और व्यापक सुधार का प्रतीक हैं.

**नक्सल गतिविधि में शामिल लोगों को मुख्यधारा में जोड़ें**

राज्यपाल ने नक्सली हिंसा में जान गंवाने वाले पुलिस कर्मियों को लेकर दुख व्यक्त किया. राज्यपाल ने कहा कि जब भी पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा से किसी शहीद का पार्थिव शरीर आता है और मैं उनके परिजनों से मिलता हूं, तो शब्द कम पड़ जाते हैं. हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है. नक्सली गतिविधियों में संलिप्त लोगों को हमें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना होगा. उन्हें शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना होगा. जनता पुलिस को अपनी सुरक्षा की सबसे मजबूत कड़ी मानती है. अतः यह हमारा कर्तव्य है कि उनके इस विश्वास को कभी टूटने न दें.

**डीजीपी ने झारखंड पुलिस की उलब्धियां गिनाईं**

वहीं डीजीपी ने बताया कि झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई कर रही है. अपने साहस और पराक्रम के बल पर झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार सफलताएं हासिल कर रही हैं. डीजीपी ने बताया कि इस वर्ष 2675 बच्चों को मानव तस्करी से मुक्त करवाया गया है, झारखंड की साइबर थानों की पुलिस ने साइबर अपराधियों के 19 करोड़ से अधिक पैसे फ्रिज किए गए हैं. अफीम की खेती के खिलाफ भी जोरदार कार्रवाई की जा रही है और रिकॉर्ड अफीम नष्ट की गई है. उन्होंने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितनी खरी उतर रही इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष भी झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर सीखेंगे.

**बेहतर काम कर रही झारखंड पुलिसः राज्यपाल**

राज्य के विभिन्न जिलों से आए हमारे पुलिसकर्मी अपनी-अपनी दक्षताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं. यह हमारे पुलिस बल की एकता, प्रतिबद्धता और सेवा भावना का प्रमाण है. पुलिसकर्मी किसी भी राज्य की सुरक्षा, शांति और व्यवस्था के आधार स्तंभ होते हैं. हमारे जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हैं, चाहे वह विधि-व्यवस्था बनाए रखना हो, अपराध नियंत्रण करना हो या आपदा एवं संकट की घड़ी में जनसेवा का दायित्व निभाना हो. राजपाल ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद और विश्वास का रिश्ता मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है. मैं सभी पुलिसकर्मियों से आग्रह करता हूं कि वे जनता से शालीनता से संवाद करें, उनकी शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनें और तत्परता से उनका निपटारा करें, ताकि लोग बिना किसी झिझक के थाने आ सकें.

**अनुसंधान के बेहतर गुर सीखेंगे अफसर : डीजीपी**

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा बेहतर अनुसंधान से ही अपराधियों को सजा दिलायी जा सकती है. इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है. डीजीपी के अनुसार आए दिन अनुसंधान की नई तकनीक सामने आ रही है ,जिनके बारे में पूरी तरह जानकारी रखना झारखंड पुलिस के लिए बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं. आने वाले समय में हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक झारखंड के हर संसदीय क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा

रांची, संवाददाता।

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी खास बनाने में जुटी है. इसको लेकर झारखंड सहित देश भर में 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक सरदार.@150 यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा. झारखंड में सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर राज्य के सभी 14 संसदीय क्षेत्रों में सरदार @150 मार्च का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार 14 अक्टूबर को कार्यशाला सह बैठक की गई. कार्यशाला में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद सहाय, सह संयोजक सुशांत सौरभ सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे.

**हर संसदीय क्षेत्र में निकाला जाएगा मार्च**



सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र में वहां के स्थानीय सांसद के नेतृत्व में मार्च होगा. इस कार्यक्रम में तीन सांसद राज्य के बाहर से शामिल होंगे. वहीं आठ जो झारखंड से बीजेपी के सांसद हैं वह अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में इसका नेतृत्व करेंगे. आदित्य साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में कोई पार्टी का बैनर-पोस्टर या झंडा नहीं होगा, बल्कि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत होकर समाज के सभी वर्ग के लोग इस मार्च में शामिल होंगे.

## चलती ट्रेन से नाबालिगों का रेस्क्यू, नौकरी का झांसा देकर मानव तस्करी की साजिश!

रांची, संवाददाता।

रेलवे सुरक्षा बल रांची मंडल ने एक बार फिर मानव तस्करी के खिलाफ अपनी मुहिम में बड़ी सफलता हासिल की है. बीते दो दिनों में आरपीएफ ने दो अलग-अलग अभियानों में कुल 16 नाबालिगों को सुरक्षित बचाया है. वहीं, एक महिला और उसके छोटे बच्चे को भी सुरक्षित घर तक पहुंचाया गया.

**गुप्त सूचना पर शुरू हुई कार्रवाई**

रांची आरपीएफ को सूचना मिली थी कि वास्कोडिगामा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 17322) से नाबालिगों को गोवा ले जाया जा रहा है. इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट रांची, जीआरपी रांची, मुरी थाना पुलिस और एक एनजीओ की संयुक्त टीम गठित की गई. इस टीम ने ट्रेन के मुरी स्टेशन से आगे बढ़ते ही सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया. चलती ट्रेन में जांच के दौरान कई बच्चों की पहचान की गई, जिन्हें संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया.



**नौकरी का झांसा देकर किया जा रहा था शिकार**

सोमवार रात करीब 9 बजे जब ट्रेन रांची स्टेशन पहुंची तो आरपीएफ ने सभी जेनरल कोचों में छानबीन की. जांच में 13 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया गया. हालांकि तस्कर मौके से भागने में सफल रहे. बच्चों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे जसीडीह स्टेशन से ट्रेन में चढ़े थे और उन्हें गोवा में नौकरी देने का लालच दिया गया था. पूछताछ और जांच बाद में दस्तावेजों की जांच से पुष्टि हुई कि सभी बच्चे नाबालिग हैं. आरपीएफ ने बच्चों को आवश्यक देखरेख और कानूनी प्रक्रिया के लिए चाइल्डलाइन रांची को सौंप दिया है. यह पूरा अभियान ऑपरेशन डिग्निटी के तहत संचालित हुआ.

**मेरी सहेली टीम ने मां-बेटे को सुरक्षित घर पहुंचाया**

एक दूसरे मामले में रेल मदद हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिली कि भरतपुर (राजस्थान) निवासी करतार सिंह की पत्नी होलिका और पांच वर्षीय पुत्र यश गलती से किसी ट्रेन से रांची पहुंच गए हैं. इसकी सूचना मिलते ही टीम मेरी सहेली सक्रिय हुई और दोनों को रांची स्टेशन परिसर में सुरक्षित पाया. पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि वह मूल रूप से रांची जिले के बुंडू-तामाड़ क्षेत्र की रहने वाली है. करीब नौ साल पहले उसकी शादी राजस्थान में हुई थी. लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वह अपने मायके लौटना चाहती थी. मोबाइल या किसी संपर्क साधन के अभाव में वह रास्ता भटककर रांची पहुंच गई. सहायक सुरक्षा आयुक्त एके सिंह के निर्देश पर आरपीएफ की मेरी सहेली टीम ने मानवता का परिचय देते हुए महिला और उसके पुत्र को स्वयं घर तक पहुंचाने का निश्चय किया. एनजीओ और बुंडू थाना पुलिस की सहायता से जब महिला के घर की जांच की गई, तो परिवारजन नहीं मिले. इस स्थिति में मां-बेटे दोनों को अस्थायी रूप से एनजीओ की देखरेख में सुरक्षित रखा गया. पिछले कुछ महीनों में आरपीएफ रांची ने कई ऐसे अभियान चलाए हैं, जिनमें मानव तस्करी की घटनाओं को रोका गया है. आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, त्योहारी सीजन में ऐसे मामलों की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए स्टेशनों और ट्रेनों में चौकसी और बढ़ा दी गई है.

## शिव शक्ति हनुमान मंदिर काली पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न

रांची, संवाददाता।

शिव नगर कमड़े स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर काली पूजा समिति की ओर से मंगलवार को माँ काली पूजा को लेकर भूमि पूजन का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। समिति के सदस्यों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कर माँ काली से समृद्धि और मंगल की कामना की। समिति ने बताया कि इस वर्ष माँ काली की पूजा अत्यंत भव्य और आकर्षक रुप में आयोजित की जाएगी। दिनांक 20 अक्टूबर को शाम 7 बजे पंडाल उद्घा टन कार्यकम होगा, जिसके बाद रात्रि में माँ काली की पूजा संपन्न की जाएगी।

अगले दिन 21 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से माता का महाभोग आयोजित होगा। इसके बाद शाम 5 बजे से माता का चैता और रात्रि 7 बजे से रंगारंग



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय डांस ग्रुप अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। पूजा समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष सनी वर्मा, उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, कोषाध्यक्ष राज चौधरी शामिल हैं। वहीं सदस्य रंजन शर्मा, विष्णु, शिव, छोटू, अमन, अभय और अक्षय आयोजन की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## नगर निकाय चुनाव के लिए तीन माह के समय की मांग, हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग के आग्रह को किया अस्वीकृत

रांची, संवाददाता।

नगर निकाय चुनाव को लेकर हो रही देरी पर झारखंड हाईकोर्ट का सख्त रुख देखने को मिला है. हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कराने के लिए कम से कम तीन माह के समय की मांग को अस्वीकृत करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 10 नवंबर निर्धारित कर दी है. कोर्ट ने कम से कम समय सीमा के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है. यह जानकारी झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है.

**10 नवंबर की सुनवाई के दिन उपस्थिति जरूरी**

सुनवाई के दौरान आज राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट के समक्ष सील्ड कवर में अपनी रिपोर्ट को पेश किया गया. लेकिन कोर्ट ने अगली सुनवाई के दौरान पेश करने का निर्देश देते हुए रिपोर्ट को बिना खोले हुए वापस कर दिया. दरअसल, आज कैबिनेट की बैठक निर्धारित होने के कारण राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास सचिव के सशरीर उपस्थित होने के बाद महाधिवक्ता राजीव रंजन के आग्रह पर सभी अधिकारियों को कैबिनेट की बैठक में जाने की छूट दी गई. सभी अधिकारी 10 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहेंगे.

**क्या हुआ था 10 सितंबर की सुनवाई के दौरान**

दरअसल, 10 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव नहीं कराए जाने पर सख्त रुख अपनाते हुए आदेश की अवमानना करने वाले अधिकारियों पर चार्जफ्रेम करने का आदेश दिया था. यह जानकारी अधिवक्ता विनोद सिंह ने दी थी. इसी आधार पर कोर्ट ने ऐसे सभी अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया था. बता दें कि रौशनी खलखो और अन्य की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी.

**इन शहरी नगर निकाय क्षेत्रों में होना है चुनाव**




**नगर निगम** - रांची, हजारीबाग, मेदिनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो.

**नगर परिषद** - गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम.

**नगर पंचायत** - बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया.

## दिवाली को लेकर मोरहाबादी में सजा टेराकोटा घरौंदों का बाजार

रांची, संवाददाता।

बंगाल और झारखंड बोर्डर पर चंदन क्यारी मंडरा गांव स्थित है. रांची से 200 किमी दूर इस गांव के अधिकांश लोग मिट्टी से संबंधित वस्तुएं बनाते है. दिवाली के लिए छह महीने से तैयार की जाती है. जिसमें घरौंदों, दीपक, गुलक, गणेश और बौद्ध प्रतिमाओं समेत अन्य वस्तुएं शामिल है. मोरहाबादी में दुकानें सज चुकी हैं और खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है. पिछले दो सालों से बोकारो जिले के मांडरा गांव के 11 कुम्हार परिवार मोरहाबादी पर टेराकोटा मिट्टी से तैयार घरौदा बेचने पहुंचे है. चंदन क्यारी बोकारो से आए नकुल कुंभकार, कमल कुंभकार और भागीरथ कुंभकार के परिवार छह महीने की मेहनत के बाद तैयार की है. इस बार बाजार में 2 से 3 हजार घरौंदे बिक्री के लिए लाए गए हैं. भागीरथ कुंभकार ने बताया कि बाजार में प्रतिस्पर्धा होने के कारण बिक्री और दाम में गिरावट आई है. पिछले साल एक घरौदा 500-600



रुपए प्रति घरौदा बेचे थे, लेकिन इस बार दुकान की संख्या बढ़ जाने के कारण करीब दो सौ रुपए गिरावट आई है. इस बार की किमत, छोटा घरौंदा 250, मीडियम 350 और बड़ा 500 रुपये में मिल रहा है. इससे पहले धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में भी दुकान लगा चुके है. मांग और कीमत पर दो साल में दुकान स्थान बदलते है. नकुल कुंभकार बताते हैं कि, हम लोग हर साल दीपावली से दस दिन पहले दुकान सजाते हैं. पिछले साल अच्छी बिक्री हुई थी, लेकिन इस बार दुकानों की संख्या बढ़ने से दामों में गिरावट आई है. कुम्हार परिवारों ने बताया कि वे 200 किलोमीटर दूर बोकारो से करीब 5 घंटे की यात्रा कर 8 हजार रुपये किराया देकर रांची पहुंचे हैं.

## रांची में छठ महापर्व की तैयारियां तेज, मंत्री सुदिव्य कुमार के निर्देश पर नगर निगम ने चलाया सफाई अभियान

रांची, संवाददाता।

राज्य सरकार के निर्देश और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन में रांची नगर निगम ने छठ महापर्व को लेकर विशेष सफाई और तैयारी अभियान शुरू किया है. निगम की टीम शहर के प्रमुख घाटों और तालाबों की साफ-सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण के कार्यों में जुटी है. मंगलवार को नगर आयुक्त सह प्रशासक सुशांत गौरव ने खुद कई तालाबों का निरीक्षण किया. उन्होंने टुनकी टोली तालाब और डोरंडा टोली तालाब का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाबों की सफाई कार्य तुरंत पूर्ण किया जाए और जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी का छिड़काव शुरू किया जाए. उन्होंने तालाबों के आसपास की झाड़ियों की कटाई, पथों की मरम्मत, दीवार पेंटिंग और बाउंड्री निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया. प्रशासक ने आगे कहा कि घाटों के चारों ओर बांस-बल्लियों से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए



ताकि भीड़ नियंत्रित रहे. इसके साथ ही रौशनी, पेयजल और अस्थायी चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं भी समय रहते उपलब्ध कराई जाए.

**स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा**

निरीक्षण के दौरान तिरिल तालाब परिसर में स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर का भी निरीक्षण किया गया. प्रशासक ने वहां उपलब्ध दवाओं और चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली. उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिया कि छठ पर्व के दौरान पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहे और किसी भी आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य कर्मी सतर्क रहें. प्रशासक ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी तालाब तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए. श्रद्धालुओं को पैदल चलने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए मार्गों की सफाई और समतलीकरण तत्काल किया जाए. उन्होंने अभियंत्रण शाखा को तालाबों के पास जमा मलबा हटाने, नालियों की सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए.

**वार्ड सुपरवाइजर को मिली जिम्मेदारी**

सभी वार्ड सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई कार्य की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है. प्रशासक ने कहा कि घाटों की स्वच्छता पर हर दिन रिपोर्ट दी जाए और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई होगी. इस मौके पर उप प्रशासक रवींद्र कुमार, सहायक प्रशासक चंद्रशेखर कुमार, नगर प्रबंधक मुकेश कुमार, अभियंत्रण शाखा की टीम, जोनल सुपरवाइजर और संबंधित वार्ड कर्मी मौजूद थे.

## 175वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

रांची, संवाददाता।

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 175 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया साधु संत के तुम रखवारे असुर निकन्दन राम दुलारे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजेश ढांढनीया पिंटू ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ



वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सुनील मोदी हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

**शुक्रवार को रम्भा एकादशी संकीर्तन**

श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 17 अक्टूबर शुक्रवार को रात्रि 9:30 बजे से कार्तिक कृष्ण पक्ष की रंभा एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया गया है।

**दीपावली पर होंगे कई कार्यक्रम**

धनतेरस के शुभ अवसर पर श्याम मंदिर में 175 वा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया है। 20 अक्टूबर सोमवार को श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं गुरुजनों को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा दीपावली का विशेष महास्नान एवं तिलक श्रृंगार किया जाएगा। तिलक श्रृंगार के बाद विशेष फूलों का श्रृंगार रजत सिंहासन पर बैठे बाबा श्याम का दिव्य अद्भुत रंग बिरंगा श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर में रंग बिरंगी लाइट लगाई जाएगी एवं विशेष लड्डू का प्रसाद बाबा को भोग लगाया जाएगा । दीपावली के विशेष पूजा होने के कारण मंदिर के पट प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:30 बजे तक भक्तों के दर्शनों के लिए बंद रहेंगे। 5:30 बजे के उपरांत दर्शन सुलभ हो पाएंगे एवं दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम संध्या 6:00 बजे से प्रारंभ होगा। दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर सभी श्याम भक्त बाबा की चौखट पर बैठकर बाबा के सम्मुख अपने परिवार की खुशियों की मंगल कामना की अर्जी दीप जलाकर लगा सकते हैं।



# रांची में बाइक चोर गिरोह के 15 युवक हुए गिरफ्तार

## चोरी की 22 मोटरसाइकिलें बरामद



संवाददाता । रांची

रांची : रांची पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले संगठित गिरोह का खुलासा किया है। शहर के नामकुम थाना क्षेत्र से गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से चोरी की 22 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। गिरोह का नेटवर्क रांची के साथसाथ ा झारखंड के अन्य जिलों में भी फैला हुआ था। 13 अक्टूबर की शाम वरीय अधिकारियों को सूचना मिली कि रांचीझटाटा मुख्य मार्ग पर बंद पड़े एक होटल के पास गिरोह के सदस्य चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद बिक्री के लिए जुटे हैं। इसपर कार्रवाई के लिए रांची के एसएसपी के निर्देश पर रूरल एसपी और रांची के डीएसपी-1 के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम के पहुंचते ही कुछ आरोपी मोटरसाइकिल लेकर भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों रूपेश कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह, प्रेम कुमार सईस, विनोद कुमार महतो, रोनित कुमार, आयुष महतो, करण कुमार महतो, जयदेव महतो, करण गोस्वामी, विनोद महतो, मनोज उरांव, सत्यम्महतो, बादल सिंह मुंडा, कमलेश कुमार महतो, क्लिंटन कच्छप उर्फ चुस्की, और रोहित सईस शामिल हैं। ये सभी रांची शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहने हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से बाइक चोरी कर गिरोह के जरिए सस्ते दामों पर बेचते थे। चोरी के बाद वाहनों के नंबर प्लेट बदल दिया जाता था और उन्हें अलग- अलग जिलों में बेचा जाता था। गिरोह में करीब 20 सदस्य सक्रिय थे जो अलग-अलग टीम बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सदस्य महंगी मोटरसाइकिलों बुलेट, अपाचे, पल्सर, यामाहा और केटीएम को निशाना बनाते थे। अब तक की जांच में 19 मामलों का उद्भेदन हुआ है, जिनमें नामकुम, सुखदेवनगर, चुटिया, टाटीसिलवे, रातु, बरियातु और अनगड़ा थाना क्षेत्रों के मामले शामिल हैं। छापेमारी के दौरान गिरोह के पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पिछले कुछ महीनों में 40 से 50 मोटरसाइकिलों की चोरी कर चुका है। गिरफ्तार अपराधियों में से चार के आपराधिक इतिहास की पुष्टि हुई है। एसएसपी ने बताया कि गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

## ब्रीफ न्यूज

### ऑड्रे हाउस में प्रदर्शनी देखने उमड़ा स्कूली बच्चों का हुजूम

संवाददाता । रांची

रांची आज ऑड्रे हाउस में राज्य में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का पाँचवा दिन थो आज भी कला प्रेमियों और कला के विद्यार्थियों का तांता दिन भर लगा रहो एक ओर जहां विभिन्न कला विधाओं के कलाकारों ने देश भर से आई कलाकृतियों को सराहा, वहीं दूसरी ओर 100 से अधिक स्कूली बच्चों में रंग-बिरंगी कृतियों को लेकर उत्सुकता देखने को मिलो फोकाटोपीडिया फाउंडेशन की हमेशा से यही पहल रही है कि आने वाली पीढ़ी को कला के प्रति जागरूक बनाऐ आज आए स्कूल के बअच्छों का उत्साह दर्शनीय और प्रशंसनीय रहोछह दिवसीय चलने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी का समापन 15 अक्टूबर 25 को दोपहर 3:30 बजे होगो समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के डीजीपी, श्री अनुराग गुप्ता जी होंगे उनके हाथों उन सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिन्होंने फाउंडेशन द्वारा आयोजित सोहराई और पेइटकर चित्रकला की दो दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया थो।



राँचीः आगामी त्योहारों के मद्देनजर राँची की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने ट्रैफिक एसपी कई क्षेत्रों मे निकले चर्च रोड कपड़ा मंडी पहुँच वहाँ के दुकानदारों से बातें की और सभी को दुकान के बाहर अतिक्रमण नही करने को कहा गया जिससे यातायात बाधित न हो अगर कोई अतिक्रमण करता है तो उसपर कार्यवाई की जायेगी दुकानदारों ने भी वादा किया है वो सड़क पर सामान नही रखेंगे मौके पर ट्रैफिक डीएसपी और थाना प्रभारी रहे मौजूद

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के सेल में छापेमारी के दौरान मिला मोबाइल चार्जर, जेल प्रशासन पर हुई कार्रवाई

संवाददाता । रांची



रांची : मनी लांड्रिंग के केस में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के अपर डिविजन सेल से मोबाइल का चार्जर बरामद हुआ था।न्यायिक समिति की टीम की छापेमारी में मोबाइल की बरामदगी तो नहीं हो सकी थी, लेकिन चार्जर की बरामदगी ही जेल के पदाधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का आधार बना।न्यायिक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आईजी जेल सुदर्शन प्रसाद मंडल ने होटवार जेल से जुड़े सभी संबंधितों पर कार्रवाई की है। इस मामले में जिनके विरुद्ध कार्रवाई हो चुकी है, उनमें मुख्य उच्च कक्षपाल अवधेश कुमार सिंह व क्लर्क प्रमिला कुमारी निलंबित हुए हैं।अनुबंध पर बहाल पूर्व सैनिक मिटकू उरांव व विश्वनाथ उरांव की सेवा समाप्त हुई। इसके अलावा होटवार केंद्रीय कारा के अधीक्षक सुदर्शन मुर्मू व सहायक जेलर देवनाथ राम से स्पष्टीकरण मांगा गया है।होटवार जेल में रिश्वतखोरी, कैदियों से दुर्व्यवहार, अनियमितता की शिकायत पर ही कोर्ट के आदेश पर न्यायिक समिति की टीम ने जेल।

### भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन का शुरूवातः रांची जिले में जल संरक्षण की नई पहल

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने इसका शुभारम्भ किया



संवाददाता । रांची

यह रांची जिले के भुंगरू क्षेत्र में वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर पुनर्भरण और ग्रामीण समुदायों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर केंद्रित है ₹जल जीवन का आधार है। भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना न केवल जल संचयन को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है₹ :- उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री यह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हैरांची जिले में जल संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने आज भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन का शुभारम्भ किया। यह परियोजना रांची जिले के भुंगरू क्षेत्र में वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर पुनर्भरण और ग्रामीण समुदायों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर केंद्रित है, जो जलवायु परिवर्तन के चुनौतियों से निपटने में सहायक सिद्ध होगी।जिसमें जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जल संसाधन विभाग के विशेषज्ञ, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी और पर्यावरण कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।उपायुक्त ने कहा, ₹जल जीवन का आधार है। भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना न केवल जल संचयन को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह परियोजना उसी दिशा में एक मील का पत्थर है।उपायुक्त ने कहा जल संरक्षण और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर दे रहे हैं, उन्होंने विशेष रूप से कहा, की हमें न केवल औपनिवेशिक शोषण से मुक्त होना है, बल्कि नशा, कुप्रथाओं और पर्यावरण विनाश जैसे 'नए अंग्रेजों' से भी लड़ना है। भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना इसी लड़ाई का हिस्सा है।₹

उपायुक्त ने परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, पीएचईडी और स्थानीय एनजीओ को बधाई दी। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना के प्रभाव का मूल्यांकन त्रैमासिक आधार पर किया जाए और आवश्यकतानुसार विस्तार किया जाए।कार्यक्रम में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने कहा, ₹यह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। हम आगामी वर्षों में 10 और इसी तरह की परियोजनाओं को लागू करने की योजना बना रहे है।

### राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार झारखंड सरकार का अभिनंदन एवं स्वागत किया : महासंघ



संवाददाता । रांची

रांचीः झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर के नेतृत्व में झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ का एक शिष्टमंडल राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार से प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर राज्य के समस्त राज्यकर्मियों (कर्मचारियों) की ओर से उनको पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन और स्वागत किया गया। इस मौके पर महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि झारखंड राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार झारखंड सरकार के बनने से समस्त राज्यकर्मियों (कर्मचारियों) में उत्साह और खुशी है। राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार का स्वागत करने वालों में झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर, राज्य सचिव रामसेवक महतो, उपाध्यक्ष राजेश्वर चौधरी एवं जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार शामिल थे।

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा में मनाया गया दीपोत्सव




संवाददाता । रांची

रांची, 14 अक्टूबर, 2025: बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा का विशाल परिसर दीपोत्सव 25 के दौरान रोशनी, संगीत और जीवंत ऊर्जा से जगमगा उठा। लियो क्लब द्वारा आईसी एरिना में शाम को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण, छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. दिलीप कुमार उपाध्याय, डॉ. योगेंद्र अग्रवाल और डॉ. अमित सरन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।ध्वनि म्यूजिक क्लब की एक शानदार प्रस्तुति के साथ शाम की शुरूआत हुई, जिसके भावपूर्ण संगीत और लयबद्ध ताल ने पूरे परिसर को आनंद, ऊर्जा और भावनाओं से भर दिया। मुसाफिर बैंड के मनमोहक प्रदर्शन ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जिसके शक्तिशाली गायन और गतिशील मंचीय उपस्थिति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।दीपोत्सव 25 के समापन के करीब पहुँचते ही, हतम द्वारा प्रस्तुत ईडीएम नाइट ने परिसर को असीम ऊर्जा और उल्लासपूर्ण वातावरण से भर दिया। चकाचौंध भरी रोशनी और मनमोहक ध्वनि के साथ, इस प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, तथा सभी को आगामी कार्यक्रमों के लिए उत्सुकता से भर दिया।

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने 9 अक्टूबर को हुई आंतरिक नियुक्ति परीक्षा में भारी अनियमितताओं का किया पदार्फाश

संवाददाता । रांची



रांची,झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों – खइश्ठछ, खवरठछ, खववठछ – के अंतर्गत आंतरिक नियुक्ति विज्ञापन संख्या 01/2024, 03/2024, 04/2024, 05/2024 में भारी पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को आयोजित परीक्षा पूरी तरह से अपारदर्शी, संदिग्ध और पक्षपातपूर्ण रही।अजय राय ने कहा कि निगम की इस आंतरिक परीक्षा में ऐसे कई अभ्यर्थियों को पात्र घोषित कर दिया गया जो विज्ञापन में दी गई अर्हता के मापदंडों पर कदापि खरे नहीं उतरते। विशेष रूप से टअठअत्रूफ(त्र&अ) पद पर 11 अभ्यर्थियों ने नौकरी करते हुए ही रेगुलर मोड से टइअ की डिग्री प्राप्त की है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। नौकरी के दौरान शिक्षा प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक अवकाश प्रमाणपत्र आवश्यक है, जो इनमें से किसी ने प्रस्तुत नहीं किया।इसी प्रकार जूनियर मैनेजर (टेक्निकल) पद पर कई योग्य अभ्यर्थियों को केवल प्रतिशत के आधार पर वंचित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार और खढरउ की वैकेंसीयों में केवल डिप्लोमा या डिग्री ही पात्रता का मानक होती है – प्रतिशत नहीं।संघ ने यह भी उजागर किया कि दूरस्थ शिक्षा और अन्य विश्वविद्यालयों) से डिग्री प्राप्त अभ्यर्थियों के साथ दोहरी नीति अपनाई गई – कुछ को वैध मानकर परीक्षा में बैठाया गया, जबकि कई अन्य को मनमाने ढंग से अयोग्य ठहरा दिया गया। यह विभागीय भेदभाव और पारदर्शिता की विफलता का स्पष्ट उदाहरण है।अजय राय ने बताया कि संघ ने इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी थी, परंतु 6 माह बीत जाने के बावजूद विभाग ने कोई जवाब नहीं दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि विभाग जानबूझकर अनियमितताओं को छिपाने की कोशिश कर रहा है।संघ ने कहा कि वह नियुक्तियों का विरोध नहीं करता, परंतु यह मांग करता है कि 9 अक्टूबर की परीक्षा की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह मामला सिर्फ भर्ती परीक्षा का नहीं, बल्कि पूरे निगम की विश्वसनीयता का है। अगर पारदर्शिता और न्याय कायम नहीं रहा, तो कर्मचारी और जनता दोनों का भरोसा व्यवस्था से उठ जाएगा।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निगम प्रबंधन ने इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया, तो झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होगा।

### व्यक्तित्व के विकास में एन एस एस की प्रमुख भूमिका डॉ राजकुमार शर्मा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वालों को निश्चित सफलता मिलती है_ डॉ ब्रजेश




संवाददाता । रांची

राँची, 14 अक्टूबर 2025 डोरंडा महाविद्यालय, राँची की राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में आज महाविद्यालय के सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक दिवसीय एन एस एस ओरियंटेशन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आज के समारोह में डोरंडा महाविद्यालय का छात्र सह एन एस एस का वरिष्ठ स्वयंसेवक दिवाकर आनंद को राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय पुरस्कार भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा सम्मानित होने के उपरांत उसे अंग वस्त्र, पौधा और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ एन एस एस के लक्ष्य गीत के उपरांत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एन एस एस की प्रमुख भूमिका है एवं इसके माध्यम से युवाओं के अंदर सामाजिक दायित्व का भाव विकसित होता है। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय का मान सम्मान दिवाकर आनंद ने बढ़ाया है एवं साथ ही साथ इनसे प्राप्त अनुभव का लाभ अन्य एन एस एस के स्वयंसेवकों को भी मिलेगा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर यू के एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नही होता बल्कि सकारात्मक पहल से सफलता अपने आप मिलती है। उन्होंने कहा कि एन एस एस से जुड़ने से स्वयंसेवको का सर्वांगीण विकास के साथ ही साथ टाइम मैनेजमेंट एवं अनुशासन की भावना अपने आप आ जाती है।संपूर्ण कार्यक्रम डोरंडा महाविद्यालय, राँची के एन एस एस के तीनों इकाईयों के कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ कंचन मुंडा, डॉ एमलिन केरकेट्टा एवं डॉ अलका दिव्या तिग्गा के देख रेख में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः प्रियांशी एवं प्रेरणा ने किया। तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कंचन मुंडा ने किया।कार्यक्रम के दौरान दिवाकर आनंद ने अपनी इस प्रमुख सफलता को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में अर्थ शास्त्र विभाग की तरफ से भी दिवाकर आनंद को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को डोरंडा महाविद्यालय के प्राध्यापक क्रमशः डॉ शिल्पी सिंह, डॉ निवेदिता, डॉ पुष्पा बिन्हा, डॉ सुप्रिया, डॉ शालिनी, डॉ अरविंद कुमार ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम में जनजातीय लोक नृत्य, लोक गीत भी प्रस्तुत किया गया। एन एस एस का स्वयंसेवक अविनाश और विधि ने कविता का पाठन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः संकल्प, जमील, कंचन, आयुष्मान, वर्षा, रौशन आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## धनतेरस संपत्ति, स्वास्थ्य, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा को जीवन में आमंत्रित करने का है प्रतीकः संजय सर्राफ

संवाददाता । रांची

**रांचीः**विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हर साल धनतेरस का पर्व कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को आता है। और दीपावली के पांच दिवसीय उत्सव की शुरूआत करता है। धनतेरस को ₹धनत्रयोदशी₹ भी कहा जाता है।इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 18 अक्टूबर दिन शनिवार को दोपहर 12 बजकर 18 मिनट से प्रारंभ हो रहा है जो 19 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन को स्वास्थ्य, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से धन (संपत्ति) और आरोग्य (स्वास्थ्य) की प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेर, स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे।



इसलिए यह दिन आयुर्वेद और आरोग्य के प्रतीक धन्वंतरि जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार, राजा ह्यम के पुत्र की अल्पायु भविष्यवाणी को उसकी पत्नी की चतुराई और दीपों की रौशनी ने बदल दिया था। इसलिए इस दिन दीपदान एवं यमराज के लिए दीपक जलाने की परंपरा भी है। धनतेरस के दिन लोग नए बर्तन, धातु (सोना-चांदी), जेवरात, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ, वाहन, आदि खरीदते हैं। यह विश्वास है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएं घर में समृद्धि और शुभता लाती हैं। साथ ही, व्यापारी वर्ग इस दिन को नए खाता-बही की शुरूआत के रूप में भी मनाता है। इस दिन धन्वंतरि जी की पूजा के साथ-साथ घर के मुख्य द्वार पर रंगोली, दीप और तोरण से सजावट की जाती है। संध्या के समय यमराज के नाम एक दीपक घर के बाहर दक्षिण दिशा में जलाना विशेष फलदायक माना गया है। इसे यमदीपदान कहते हैं।आज के दौर में धनतेरस केवल धार्मिक ही नहीं,

# 'घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी', जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रेसवार्ता

## कहा अभ्यर्थी सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कर सकेंगे नामांकन

**जमशेदपुर, संवाददाता**



45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार 13 अक्टूबर को गजट प्रकाशन कर स्थानीय स्तर पर अधिसूचना जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी द्वारा नामांकन एवं पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों से साझा की गई।

वार्ता में उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी/प्रत्याशी अनुमंडल कार्यालय घाटशिला से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन प्रपत्र का क्रय कर सकते हैं। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सुनील चंद्र निवार्ची पदाधिकारी हैं। नामांकन की प्रक्रिया सोमवार 13 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है और जिसकी अंतिम तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित है। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 6 अक्टूबर को उपचुनाव की घोषणा के साथ साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता के अलावा सभी तरह के एसओपी का अनुपालन किया जा रहा है। सुगम, स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संपादन के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए ईवीएम पर लगने वाले मत पत्र में बदलाव किए है। जिसके तहत अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटो के साथ-साथ उनके नाम और क्रम संख्या बड़े अक्षरों में अंकित होंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को शिक्षित एवं प्रेरित करते हुए

मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाकों की निगरानी सख्ती से की जा रही है। ताकि अवैध मादक पदार्थ, संदिग्ध पैसों का परिवहन, शराब, उपहार, असामाजिक तत्वों पर कड़ाई से निगरानी एवं कार्रवाई की जा सके। आगे उन्होंने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित किया जा रहा है। उपचुनाव में भी होम वोटिंग की सुविधा रहेगी। वैसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान के लिए मतदान केंद्र जाना चाहते हैं, उनके आवागमन के लिए वाहन, व्हीलचेयर, रैंप, वॉलंटियर की व्यवस्था रहेगी। सोशल मीडिया समेत अन्य मीडिया माध्यमों पर भी कड़ी निगरानी रखते हुए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# कदमा में डोर-टू-डोर घूमे भाजपा-जदयू कार्यकर्ता, लोगों से पूछी उनकी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

**जमशेदपुर, संवाददाता**



पश्चिमी विधायक सरयू राय के निर्देश पर सोमवार भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकताओं-पदाधिकारियों ने कदमा क्षेत्र के उलियान स्थित विभिन्न इलाकों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान भाजपा-जदयू के कार्यकताओं ने स्थानीय निवासियों से मिलकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनीं। बल्कि उन्हें एक रजिस्टर में नोट भी किया। साथ ही जो समस्या जिस विभाग से जुड़ी थीं, उनके अधिकारियों से बात करना भी तय किया। जिसके बाद समस्या के समाधान का प्रयास भी प्रारंभ कर दिया गया है। इस डोर-टू-डोर कैंपेन में सबसे ज्यादा समस्या साफ-सफाई को लेकर सामने आई। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि उनके इलाके में साफ-सपाई की स्थिति काफी खराब है और लोगों ने गंदगी के ढेर भी दिखाए। स्थानीय लोगों ने स्ट्रीट लाइट की समस्या के बारे में भी खुल कर बात कही। उन लोगों का कहना था कि अनेक स्थानों पर अब भी अंधेरा है। इन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई। स्थानीय लोगों ने पुरानी स्ट्रीट लाइटों को बदल कर नई स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी रखी। जिसपर उन्हें आश्वस्त भी किया गया। भाजपा और जदयू के साथियों ने आपस में विचार-विमर्श किया कि समस्या के समाधान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बूथ स्तर पर कमेटी बनाई जाए। वहीं कमेटी ही अपने-अपने क्षेत्रों में समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी। दोनों पार्टियों के लोगों ने कदमा क्षेत्र के नीम तल्ला पथ, मधुसूदन पथ, बनिया पाड़ा क्षेत्र, उलियान हरि मंदिर लाइन, धोबी लाइन, उलियान मन रोड, उलियान टैंक रोड, नर्मदा पथ, नजरुल पथ, बंधु पथ आदि का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनकर नोट भी किया। मौके पर राकेश सिंह, नीरज सिंह, राजेश सिंह, टीटू दास, भीम सिंह, संजीव आचार्या, राणा प्रताप सिंह, धरन सिंह, केपी सिंह, उमेश ठाकुर, अजीत सिंह, दीपल विस्वास, रंजन भगत, राजन नायक, संजीत सिंह, रविशंकर सिंह, रंजीत आइच, महादेव बसाख, रमेश राय, सुभाष सिंह, संजीत सिंह, संदीप कुमार, विश्वजीत सिंह, रामजतन प्रसाद, अजीम सिंह, लाली दीक्षित, सुनील कुमार, राहुल कुमार, आनंद कुमार, रिंकू सिंह, प्रेम प्रसन्न कुमार, जितेंद्र सिंह, आनंद राव, सुनीस पांडेय, अखिलेश शर्मा, ललन राय, दीपक दुबे, बिजेंद्र कुमार समेत अन्य भी मौजूद थे।

# किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ का प्रलोभन के नाम पर मोबाइल ओटीपी शेयर न करें : बरही बीडीओ

**बरही, संवाददाता**




बरही बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के ग्रामीण ,सरकारी योजना से लाभ पाने वाले लाभुक एवं आमजनों से पत्र के माध्यम से सूचित करते हुए कहा कि विभिन्न पंचायतों से मईया सम्मान, पेंशन, मातृत्व योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत मोबाइल पर ओटीपी मांग कर साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर से किसी भी प्रकार की योजनाओं यथा मईयाँ सम्मान योजना, पेंशन योजना, मातृत्व योजना एवं अन्य योजना की स्वीकृति अथवा अन्य किसी कार्य के लिए किसी भी प्रखण्ड कर्मी द्वारा मोबाइल ओ०टी०पी० की मांग नहीं की जाती है तथा किसी नये एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से इंस्टॉल करने के लिए नहीं कहा जाता है। यदि इस प्रकार की कोई सूचना अथवा एप्लीकेशन इंस्टॉल करने के संबंध में बोला जा रहा है तो ये पूर्ण रूप से ठगी का मामला है। किसी भी हाल में उनके झांसा में न आकर इंस्टॉल करें न ओटीपी शेयर करें अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं जिसकी पूरी जिम्मेदारी आप खुद होगें।

# अवैध खनन और शराब पर कड़ा रुख, राजस्व वसूली में तेजी के निर्देश, जनहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त ऋतुराज

**कोडरमा, संवाददाता**




विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आमजन के हित में समर्पित भाव से कार्य करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करें। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रहें तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागीय कार्यों में तेजी लाएं। राजस्व संग्रह के संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाए। जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध रूप से खनिज के खनन, भंडारण तथा परिवहन पर सख्ती से निगरानी रखी जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करें। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजनाओं के सफल संचालन पर विशेष बल दिया। कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वन पट्टा प्रदान करने के लिए एफ.आर. एवं सी.एफ.आर. रिपोर्ट यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं। राजस्व विभाग से संबंधित निर्देश में उपायुक्त ने कहा कि अंचलवार म्यूटेशन एवं सुओ मोटू म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बैठक में कहा कि जिले में अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ा शिकंजा कसें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती रोकथाम हेतु पांकी प्रखंड में चलाया गया जागरूकता अभियान



**पलामू, संवाददाता**

पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम - केकरगढ़ एवं मतनाग में अवैध अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती के रोकथाम हेतु एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। सोमवार को इस अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पांकी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, केकरगढ़ पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य, वन विभाग की टीम, तथा पांकी थाना के पदाधिकारी एवं पुलिस जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केकरगढ़ पंचायत के अंतर्गत आने वाले केकरगढ़ एवं मतनाग गांव के महिला एवं पुरुष, युवक एवं युवतियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, अवैध खेती में संलिप्त पाए जाने पर मिलने वाले कानूनी दंड के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि वे अफीम, पोस्ता एवं गांजा की खेती छोड़कर वैकल्पिक फसलों जैसे – चावल, गेहूं, चना, सरसों, मसूर, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली, अरंडी, बाजरा एवं कटहल की खेती करें, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ के साथ सुरक्षित आजीविका भी मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों को अवैध अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नशा उत्पन्न करने वाली फसलों की खेती पर अंकुश लगाना तथा किसानों को वैकल्पिक कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

# बरही डीएवी के बच्चों ने लोक सेलिब्रेशन ऑफ फोक एंड ट्रेडीशन कार्यक्रम में लहराया परचम

**बरही, संवाददाता**



बरही डीएवी के बच्चों ने रांची में लोक 2025 सेलिब्रेशन ऑफ फोक एंड ट्रेडीशन का आयोजन हुआ।यह कार्यक्रम 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रांची के आड्रे हाउस में आयोजित किया गया` जिसमें भारत के 11 राज्य के साथ साथ नेपाल के प्रतिभागी शामिल हुए।इस कार्यक्रम में बरही के डीएवी स्कूल के कला शिक्षक ललन यादव के नेतृत्व में छात्रों ने भी भाग लिया।यह कार्यक्रम फोक ऑटोपीडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित की गई थी जो झारखंड के पर्यटन विभाग और आर्ट और कल्चर विभाग के अंतर्गत कार्य कर रही थी। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पेंटिंग प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें सोहराय पेंटिंग, जारोपेटिया पेंटिंग, मिथिला पेंटिंग ,भोजपुरी पेंटिंग ,पिछवाई पेंटिंग जैसे भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के कलाओं की सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कला शिक्षक ललन यादव के नेतृत्व में यहां की छात्र-छात्राओं ने सोहराय कला में अपना बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मिताली,कशिश कुमारी ,दिलकश कायनात, तनु कुमारी ,आरोही, सोनाक्षी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने कहा कि यह दिन डीएवी पब्लिक स्कूल के लिए बड़े ही गौरव का क्षण है क्योंकि ललन यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने अपनी उम्दा कला का बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के कला शिक्षक ललन यादव ने अपनी कला के माध्यम से विद्यालय की छात्र-छात्राओं के बीच कला को एक नया जीवंत रूप प्रदान किया है। बच्चे उनके सिखाए कला के द्वारा अपने मनोभावों को प्रस्तुत करने में सदैव सक्षम हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शिक्षा से आने वाले दिनों के लिए नौनिहालों का निर्माण करते हैं। जो आगे चलकर अपने और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने-अपने विभागों में बेहतर प्रदर्शन कर पाने में सक्षम हो पाते हैं। इसीलिए शिक्षक सिर्फ बच्चे का निर्माण नहीं करता बल्कि वह देश का भी निर्माण करता है।

# डीजीपी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर की बैठक



**बोकारो, संवाददाता**

झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और प्रदेश के सभी चैंबर के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। बैठक का उद्देश्य दीपावली और छठ पूजा के दौरान प्रदेश की विधि व्यवस्था, साइबर क्राइम, ट्रैफिक जाम और अन्य समस्याओं पर चर्चा करना था। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि चास थाना परिसर को स्थानांतरित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में यह चास बाजार में स्थित है, जहां हमेशा भारी ट्रैफिक जाम रहता है। इससे न केवल पुलिस कार्य में बाधा आती है, बल्कि आम जनता को भी परेशानी होती है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ सदर चास प्रवीण कुमार सिंह, सिटी डीएसपी आलोक रंजन सहित चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, महामंत्री राजकुमार जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, विनय कुमार सिंह आदि पदाधिकारी शामिल हुए। डीजीपी ने सभी चैंबर के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही ट्रैफिक जाम कम करने और साइबर अपराध पर निगरानी बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। यह बैठक प्रदेश के सुरक्षित और व्यवस्थित त्योहार समारोह सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बोकारो में मां-बेटे को 15 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया, पुलिस ने कराया मुक्त

**बोकारो, संवाददाता**



सेक्टर 6 थाना क्षेत्र के क्वार्टर नंबर 2517 में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मां और बेटे को करीब 15 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर दोनों को मुक्त कराया। यह घटना संतोष कुमार महतो और उनकी मां सीता देवी की है, जो चास के बंसीडीह निवासी हैं। थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बताया कि उन्हें मामले की सूचना टेलीफोन से मिली थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और मां-बेटे को बंद कमरे से मुक्त कराया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि संतोष कुमार की पत्नी के साथ कुछ पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसमें कानूनी प्रक्रिया के दौरान अशोक सिंह नामक व्यक्ति से आर्थिक लेनदेन हुआ था। बताया गया कि संतोष कुमार ने वह पैसा खर्च कर दिया था, जिसके बाद अशोक सिंह ने धमकी देकर कहा था कि प्रॉपर्टी बेचकर पैसा लौटाओ। इसी विवाद के चलते अशोक सिंह ने दोनों को क्वार्टर में बंधक बनाकर रखा। संतोष कुमार ने बताया कि उन्हें और उनकी मां को कभी-कभी चावल-दाल या थोड़ा बहुत खाना दिया जाता था। वे कई बार बालकनी से मदद की गुहार लगाते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी अशोक सिंह सेक्टर 3 के निवासी हैं और हाल ही में किसी अन्य मामले में उन्हें चिराचास थाना क्षेत्र से जेल भेजा गया है। संतोष कुमार उक्ब्ध के मरीज हैं और कभी-कभी उनका व्यवहार असामान्य हो जाता है। फिलहाल पुलिस ने दोनों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन मिलने पर आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न केवल मानवता को झकझोर देने वाला है बल्कि पुलिस सतर्कता की एक बड़ी परीक्षा भी बन गया है।

# देशभर में विस्तार की दिशा में बढ़ा 'अन्नपूर्णा घी'

**हजारीबाग।** पिछली तीन से अधिक पीढ़ियों से, अन्नपूर्णा घी सिर्फ. रसोई का जरूरी हिस्सा नहीं रहा है, बल्कि यह शुद्धता, पोषण और परंपरा का प्रतीक बना हुआ है। रोजमर्रा के भोजन से लेकर त्योहारों के अवसर तक, इसकी गाढ़ी खुशबू, दानेदार बनावट और असली स्वाद ने समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए इसे पूरे भारत में घर-घर का भरोसेमंद नाम बना दिया है। यह विरासत केवल डेयरी उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवारों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाई जाने वाली परंपरा है, जो अपनी स्थायी गुणवत्ता से पीढ़ियों को जोड़ती है। 70 वर्षों से अधिक की घी बनाने की परंपरा और पूर्वोत्तर भारत के सबसे मजबूत तथा सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड होने के नाते, अन्नपूर्णा समूह को विश्वास है कि यह श्रेणी उनके विकास का प्रमुख आधार बनेगी। कंपनी अब अपने मौजूदा बाजार यानी पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अपनी पकड़ और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक रूप से उत्तर भारत में कदम रख रही है और धीरे-धीरे पूरे भारत में विस्तार की दिशा में अग्रसर है।इस विस्तार यात्रा के तहत, अन्नपूर्णा ने उत्तर भारत के बाजार में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने शहनाज गिल जो देश की सबसे लोकप्रिय हस्तियों में से एक हैं, को अन्नपूर्णा काऊ घी का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसे सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत करते हुए, ब्रांड ने शुद्धता और विश्वास का अपना वादा उस क्षेत्र में और सुदृढ़ किया है, जहाँ भोजन, संस्कृति और परंपरा का विशेष महत्व है।

# धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान के 12 गुर्गों को किया गिरफतार — व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं पुलिस सुरक्षा देने में सक्षम : एसएसपी

**धनबाद, संवाददाता**



**धनबाद।** पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की विशेष टीम ने प्रिन्स खान गिरोह के 12 अपराधकर्मियों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। इस सन्दर्भ में प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी ने मीडिया को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रिन्स गिरोह के कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की विशेष टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों मे छापेमारी करते हुए गिरोह के कुल 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों मे 4 शूटर, 1 साजिशकर्ता, 3 वित्तीय प्रबंधक, 4 साइबर संचालक समेत कुल 12 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों का सम्बन्ध जमशेदपुर के भानु मांझी गिरोह से भी है। फिलहाल पुलिस की टीम भानु मांझी के साथ गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी में जुटी है।एसएसपी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी सूरत में डरने की जरूरत नही है। पुलिस उन्हें सुरक्षा देने मे सक्षम है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर कोई भी कारोबारी किसी भी तरीके से इन अपराधियों को आर्थिक लाभ देंगे तो फिर वैसे कारोबारियों के विरुद्ध भी देशद्रोह की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एस एस पी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उन्हें अपराध या अपराधियों से सावधान रहने की जरूरत है। पैसों के लालच में अगर कोई भी युवा अपराध के तरफ कदम बढ़ाएगा तो फिर पुलिस और कानून उसके खिलाफ सख्ती से पेश आएगा।

धनबाद जिले में भगौड़ा अपराधी प्रिंस खान एवं उसके गुर्गे सैफी उर्फ मेजर के द्वारा व्यवसायियों को लगातार फोन कर धमकी दिया जा रहा था। इन संगठित अपराधिक गिरोहों के आर्थिक श्रोतो का पता लगाने, शूटरों एवं समर्थकों के नेटवर्क का समापन करने, हथियार खरीद-बिक्री चैनलों को ध्वस्त करने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर एवं नियमित रुप से अभियान चला रही है एवं इस क्रम में अपेक्षित सफलता भी मिली है। इसी क्रम में - 12-13/10/25 की रात्रि को धनबाद पुलिस को यह सूचना मिली कि उक्त गिरोह के सदस्य पुनः घटना कारित करने के लिये हरवे हथियार के साथ धनबाद आये हुए है, पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई कर इन अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की गई तथा इस संबंध में राजगंज थाना कांड सं0-87/25 दि-13.10.25 धारा-111(4) /317(5) /61(2) बी.एन.एस. एवं 25(1-बी) ए/26(2)/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक-09.09.25 को भी राजगंज थाना क्षेत्र के राजगंज स्थित एक पेट्रोल पम्प पर उक्त गिरोह के सदस्यों के द्वारा फायरिंग की घटना कारित की गई थी, जिस संबंध में राजगंज थाना कांड सं0-82/25 दि0-10.09.25 दर्ज किया गया था। पूछताछ के क्रम में अपराधकर्मियों द्वारा राजगंज स्थित पेट्रोल पम्प में फायरिंग करने की घटना में भी अपनी संलिपत्ता स्वीकार की गई तथा घटना में प्रयुक्त किया गया हथियार भी बरामद करवाया गया है। धनबाद पुलिस की टीम ने आज इस क्रम में कुल 12 (बारह) अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की है, जिनमें इनके शुटर, समर्थक एवं वित्तीय प्रबंधन करने वाले अपराधी शामिल है। कांड में गिरफ्तार किये गये अपराधकर्मियों के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बैंकमोड़ थाना क्षेत्र से गिरोह के सदस्यों द्वारा छुपाकर रखा गया हथियार, बम एवं अन्य विष्फोटक सामग्री भी बरामद किया गया है।

